# Quality Standards








07/06/24

एक नजर

## कोलंबस इण्टरनेशल स्कूल के छात्रों ने नीट में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन,हुए सम्मानित



स्वर्ण भास्कर । रवि आर्य

बलिया। जनपद  के नगरा सिसवार स्थित कोलंबस इण्टरनेशल स्कूल के छात्रों ने नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. इस परीक्षा में विद्यालय की छात्रा हीना पुत्री परवेज अहमद ने आल इण्डिया रैंक 3697 वां व छात्र कुमार मंगलम पुत्र मनोज कुमार सिंह ने आल इण्डिया रैंक 11975 वां स्थान प्राप्त किया है। उनकी सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। दोनों विद्यार्थियों को विद्यालय में  सम्मानित किया गया। दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि इन छात्रों ने सिद्ध करके दिखाया कि कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। प्रबंधक प्रमोद सिंह सहित विद्यालय की एडमिन प्रियंका सिंह व उप प्रधानाचार्य आर पी पांडेय तथा रीता सिंह ने बच्चों के  उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।